सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 12 श्रावण, 1938 (श0) / 03 अगस्त, 2016 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 165**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 63 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 29 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 08 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 32 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 24 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 03 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 05 |
| (8) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 01 |
| | कुल योग | — | 165 |

पथ का निर्माण

*181. श्री राजीव नंदन--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी डिवीजन अन्तर्गत कस्ठा-परैया-गुरार-कोईलमा-रफीगंज पथ का रीटेन्डर हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*182. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर प्रखंड के विशुनपुर, बालाघाटी पंचायत से बलवा मध्य विद्यालय कौशल सिंह के घर होते हुये धर्मगाछी तक की सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई सुविधा देना

*183. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखंड में बालू बाँध गाँव के दक्षिण तेतरिया में बीर कुँअर बाँध का निर्माण लगभग 150 वर्ष पूर्व हुआ था जो अभी ध्वस्त है तथा बाँध के पास से प्रवाहित मलार नदी का जल संचयन नहीं होने के कारण किसान सिंचाई सुविधा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार बाबू बाँध का जीर्णोद्धार कर गाँव के करीब कुरमुरी रजवाहा में जोड़कर 100 गाँव के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*184. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड के अमरसिहपुर पंचायत अन्तर्गत कलमेघा से राघोपुर की 8 कि0मी0 लम्बी सड़क कच्ची है जिससे कलमेघा, बौसा, दुबड़ा, पहाड़पुर सहित दो दर्जन गाँव के 25 हजार नागरिकों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*185. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावाँ विधान-सभा क्षेत्र के बिन्द प्रखंड के उतरथु से घायपीपल पुल तक मुख्यमंत्री सड़क योजना से पथ का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2015-16 में पूरा हो चुका है एवं जिराइन, गोइठवा नदी पर पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2014-15 में पूरा हो चुका है परंतु पथ का शेष भाग घायपीपल पुल से मौलनाबीघा मोड़ तक निर्माण कार्य नहीं हो सका है जबकि प्रश्नकर्ता सदस्य ने उक्त पथ के निर्माण हेतु मुख्यमंत्री सड़क योजना में वर्ष 2015-16 में अनुशंसा की है जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा क्या सरकार उक्त पथ के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्यालय का संचालन

*186. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत किरतपुर प्रखंड की स्थापना 10 वर्ष पूर्व हुई थी किन्तु किरतपुर में पर्याप्त जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद किरतपुर प्रखंड कार्यालय का संचालन कैम्प ऑफिस के रूप में घनश्यामपुर से किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कब से किरतपुर में प्रखंड कार्यालय का संचालन कराने चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलिया का निर्माण

*187. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत बछवाड़ा चट्टी पूर्वी बाजार से हारा होते हुये मराँची जाने वाली सड़क में हारा के समीप पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल-जमाव से निजात

*188. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड के वृन्दावन चवर से निकलने वाली वेगवा नदी का तथा उक्त चवर से गुजरने वाली चकिया केसरिया पी0डब्लू0डी0 पक्की रोड में अवस्थित पुल एवं पुलिया के मुहाना को अतिक्रमणकारियों द्वारा बंद कर देने से हजारों एकड़ जमीन में जल-जमाव से फसल बर्बाद हो रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नदी को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने तथा रोड में अवस्थित जल निकासी के लिये बने पुल एवं पुलियों को साफ कराकर जल-जमाव से निजात दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

भवन का निर्माण

*189. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत वर्ष 2008-09 में एक सरकारी आई0 टी0 आई0 प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रशिक्षण संस्थान हेतु जमीन प्रखंड मुख्यालय बिस्फी में सरकारी दर पर देने का प्रस्ताव स्थानीय भू-स्वामी मास्टर रिजवान, बिस्फी हाट ने दिया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रशिक्षण संस्थान के भवन निर्माण हेतु जमीन के भू-अर्जन में आने वाली लागत की सूचना विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार, पटना के ज्ञापांक 1822, दिनांक 21 अप्रील, 2010 द्वारा समाहर्ता, मधुबनी को दिया गया था, किन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संस्थान हेतु मास्टर रिजवान द्वारा दिये गये प्रस्तावित जमीन के अधिग्रहण संबंधी सारी प्रक्रिया पूर्ण कर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बोल्डर पीचिंग कराना

*190. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार प्रखंड के हसनपुर दक्षिणी पंचायत में राम जानकी मंदिर से फतवा बाँध, मजलिसपुर गाँव तक गंगा किनारे बाँध पर बोल्डर पीचिंग नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध पर बोल्डर पीचिंग नहीं होने के वजह से बाँध का पानी के तेज धार से कटाव शुरू हो गया है, जिससे वहाँ के एक हजार घर को बाढ़ से कटाव का खतरा बन गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध पर बोल्डर पीचिंग कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*191. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला का करपी-कुर्था भाया सोनभद्र ग्रामीण कार्य विभाग का पथ है, जो जर्जर है जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है ?

---

स्थानांतरित करना

*192. श्री विरेन्द्र कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत कारा भाया डिहरा ग्रामीण सड़क की लम्बाई लगभग 20 कि0 मी0 है और जर्जर है, जिससे ग्रामीण जनता को आने-जाने में कठिनाई हो रही है और विभाग से इस पथ की मरम्मती नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में स्थानांतरित करने का विचार रखती है ?

पुल का निर्माण

*193. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखंड अधीन खैरा धार पर पुल निर्माण नहीं होने से आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त धार पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

स्लूईस गेट का निर्माण

*194. श्री विनय वर्मा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के लौरिया प्रखंड के नरकटियागंज विधान-सभा क्षेत्र के अंतर्गत नरकटियागंज, सौआटाड़, लाकड़, सिसई पंचायत के बगही गाँव के पास एक स्लूईस गेट का निर्माण वर्ष 2012 में कराया गया था जो क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्लूईस गेट का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का रख-रखाव

*195. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 28बी के किलो मीटर 104 के आस-पास का मार्ग बाल्मीकिनगर व्याघ्र परियोजना क्षेत्र में आता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कि0 मी0 104 के आस-पास के मार्ग के मेंटेनेंस पर रोक लगा दी गयी है, जिससे वाहनों के आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ का मेंटेनेंस करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कटावरोधी दीवार का निर्माण

*196. श्री विद्या सागर सिंह निषाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत पटोरी प्रखंड के हसनपुर, सुरत एवं सिरदीलपुर, सुपौल पंचायत में बहने वाली जमुआड़ी नदी के दोनों तटों पर कटाव हो रहा है, जिससे नदी के दोनों किनारे पर बने सड़क एवं गरीबों का घर नदी में विलीन होते जा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार नदी के दोनों किनारों पर कटावरोधी दीवार का निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जमीन का अधिग्रहण

*197. श्री सुदामा प्रसाद—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2004 में पुनपुन नदी बराज योजना की शुरूआत हुई जिसे 2018 में पूरा करना था तथा इस योजना में 650 करोड़ की लागत से 13.6 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की योजना थी एवं मुख्य नहर का निर्माण सिर्फ 28 कि०मी० का ही था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुनपुन बराज औरंगाबाद जिल के हामिदनगर में बन रहा है जहाँ से 28 कि०मी० की लम्बी नहर अरवल जिला तक ही पहुँच पायेगा ;

(3) क्या यह बात सही है कि इसके मुख्य नहर हेतु 274 फीट चौड़ी जमीन की पट्टी जहानाबाद से पटना जिला के पालीगंज, मसौढ़ी से पुनपुन तक अधिग्रहण किया जा रहा है जबकि नहर 28 कि०मी० ही बनना है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो 28 कि०मी० नहर के लिये 125 कि०मी० तक जमीन अधिग्रहण करने का क्या औचित्य है ?

---

छात्रावास में विद्युतीकरण

*198. श्री सुधांशु शेखर—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के कुमारखण्ड प्रखंड के भोकराहा पंचायत के अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण छात्रावास का विद्युतीकरण वर्ष 2006 में कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008 में आई बाढ़ में बाढ़ पीड़ितों को छः माह तक उक्त छात्रावास में रखा गया तथा बाढ़पीड़ितों द्वारा विद्युतीकरण सामग्री को पूर्णरूपेण क्षतिग्रस्त कर दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुनः उक्त छात्रावास में विद्युतीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का सुदृढ़ीकरण

*199. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कोसी नहर परियोजना के आर०डी० सं० 107.50 पर निर्मित हेड रेगुलेटर विगत पाँच वर्षों से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर के दोनों तरफ बाँध (एन०एच० 57 फोरलेन से अमडीहा तक) का सुदृढ़ीकरण नहीं होने के कारण नहर में पानी रहने के बाद भी किसान खेतों में पटवन नहीं कर पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त हेड रेगुलेटर एवं बाँधों का सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जल संग्रहण करना

*200. श्री आनंद शंकर सिंह---क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बटाने जलाशय परियोजना में जल संग्रहण का कार्य विगत 25 वर्षों से नहीं हो रहा है, जिससे औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर, कुटुम्बा, देव एवं औरंगाबाद प्रखंड के लाखों किसानों के हजारों एकड़ जमीन का पटवन समुचित रूप से नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार बटाने जलाशय परियोजना में संग्रहण सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पईन की सफाई

*201. श्री कुमार सर्वजीत---क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के ग्राम–ढुबा से निमी ग्राम तक पईन की सफाई विगत 25 वर्षों से नहीं की गयी है, जिससे किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पईन की सफाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*202. डॉ० मेवालाल चौधरी---क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड के ललिया चकबारा पर पुल का निर्माण एन०ओ०सी० नहीं मिलने के कारण पिछले एक वर्ष से रूका हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का कालीकरण

*203. श्री अचमित ऋषिदेव---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के धनेश्वरी पंचायत के ग्राम–धनेश्वरी में पछुवारी टोला प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से भटगावाँ मेही चौक तक 3 कि०मी० ईंट सोलिंग सड़क का कालीकरण नहीं किया गया है, जबकि दोनों ओर आर०ई०ओ० रोड का निर्माण कार्य हो चुका है तथा बीच में रोड गैप बन गया है जिससे आवागमन में आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का जीर्णोद्धार

*204. श्री दिनकर राम---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा विधान–सभा क्षेत्रन्तर्गत मेजरगंज प्रखंड के बराही हरिराम के चतरा टोला से महादलित मुशहरी टोला, तुरहा टोला, अति पिछड़ा मलाही टोला होते हुये हनुमाननगर तक, टुनटुन पासवान के घर से हरपुर कला तक, सोनवर्षा प्रखंड के भलुआहीं से हनुमाननगर तक, मधेसरा से मढ़िया मंदिर घुरघुरा तक, बथनाहा प्रखंड के पुरनहिया पैक्स गोदाम से सिंगरहिया लक्ष्मीपुर होते हुये सुगाही, सैयपुर, छौरहिया ग्राम से पूरब तक, कमलदह ग्राम में उत्तर महादलित टोला है, उत्तर मठ होकर हाईवे तक के ग्रामीण कार्य विभाग का पथ अत्यंत जर्जर है जिसके कारण आम लोगों का आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का कबतक जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथों की विशेष मरम्मती

*205. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल, सिमरीबख्तियारपुर अंतर्गत महमदपुर से खीजूचक, रँगनियाँ से समस्तीपुर एवं चपराम से खीजूचक पथ एन० एच० के साथ प्रखंड मुख्यालय को जोड़ती है, जो जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का विशेष मरम्मती कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*206. श्री प्रह्लाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के मोरवे डैम तथा उसके मुख्य कैनाल एवं साईफन की स्थिति 30 वर्षों से जर्जर है जिसके कारण हजारों हेक्टेयर उपजाऊ जमीन सिंचाई के अभाव में बेकार हो गये हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त डैम, कैनाल, साईफन की सफाई एवं जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना को पूर्ण करना

*207. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर विधान-सभा अंतर्गत पांती माईनर, फुटहड़वा माईनर, तेतरिया माईनर, छूजा-कसौटिया जलवाहा का मिट्टी कार्य एवं संरचना कार्य भू-अर्जन के अभाव में नहीं हो पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के नहरों के निर्माण के लिये संबंधित विभाग को 2.30 करोड़ रुपये वित्तीय वर्ष 2009-10 में उपलब्ध कराये जा चुके हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजनाओं को पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू करना

*208. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के कदवा पंचायत के रानीगंज में स्थित नलकूप विगत 3 वर्षों से तकनीकी खराबी के कारण बंद हैं, जिससे किसानों को कृषि कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नलकूप को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथांश का पुनर्निर्माण

*209. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में राजमार्ग सं० 77 सोनवरसा प्रखंड में भुतही, दोस्तिया, चिलड़ा, सोनवरसा होते हुये हनुमान चौक तक था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा नवनिर्मित एन०एच० सं० 77 के पथांश को परिवर्तित करते हुये चिलड़ा से हनुमान चौक घुमा दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि एन०एच० 77 के परित्यक्त पथांश चिलड़ा से सोनवरसा होते हुये हनुमान चौक का रख-रखाव बंद कर दिये जाने के कारण उक्त पथांश जर्जर हो गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एन०एच० 77 के परित्यक्त पथांश का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

मजदूरी भुगतान करना

*210. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड स्थित मनरेगा के अंतर्गत किये गये कार्यों के बदले फण्ड ट्रांसफर ऑर्डर के निष्पादन में विलम्ब के कारण मजदूरों के मजदूरी का भुगतान एक माह विलम्ब से होता है, जिससे उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

तकनीकी कोषांग का गठन

*211. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पंचायती राज व्यवस्था के तहत वृक्षारोपण, सात निश्चय के अंतर्गत आने वाले कार्यक्रम तथा मनरेगा के द्वारा किये जाते हैं किन्तु तकनीकी कोषांग के गठन नहीं होने के कारण न तो गुणवत्तापूर्ण कार्य हो पाता है न ही जन-प्रतिनिधियों को कार्य के प्रगति के बारे में जानकारी सुगम हो पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राज्य के प्रत्येक पंचायत में पंचायतस्तरीय कार्यों के सुचारू निष्पादन हेतु तकनीकी कोषांग का गठन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वेतन का भुगतान

*212. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किसी सरकारी कर्मी को दूसरे विभाग में प्रतिनियुक्ति हेतु उसके पैतृक विभाग की सहमति आवश्यक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सितम्बर, 2014 में बिहार के 200 प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक संवर्ग के पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार ग्रामीण विकास विभाग के पदाधिकारी को सौंपने के पश्चात् बिना उनके पैतृक विभाग की सहमति लिये ही इनकी सेवा नवम्बर, 2014 में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को सौंप दी गयी ;

(3) क्या यह बात सही है कि खंड (2) में वर्णित पर्यवेक्षकीय संवर्ग के पदाधिकारियों को सितम्बर, 2014 से जनवरी, 2016 तक का वेतन भुगतान नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (2) में वर्णित पदाधिकारियों के लंबित वेतन के भुगतान का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का अधिग्रहण

*213. डॉ० विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत शेरघाटी एवं डोभी प्रखंड के क्रमश: सगाही से बेला होते गरीबचक तक 05 कि०मी० जी०टी० रोड, अमनचैन होटल से नहर के किनारे बाल्टी फैक्ट्री तक सड़क कच्ची है जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों का फिजिबिलिटी रिपोर्ट भी जून, 2015 में विभाग को प्राप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित कर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*214. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत बाबा रोड गायघाट से हरसिद्धि नवनिर्मित सड़क के निर्माण कार्य समाप्ति तिथि वर्ष 2013 था एवं अनुरक्षण हेतु पाँच वर्ष निर्धारित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के जर्जर होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण में तत्कालीन अभियंता एवं संवेदकों द्वारा मानक का पालन नहीं किया गया था;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को मरम्मती कराकर तत्कालीन अभियंता एवं संवेदकों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---------

कर्मचारी का समायोजन

*215. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने पत्रांक 27025/9/2014-सी०एल०, दिनांक 26 अगस्त, 2014 के द्वारा बाल श्रमिक विशेष विद्यालय के एवं कर्मचारियों को प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में समायोजन हेतु श्रमायुक्त, बिहार को पत्र लिखकर अनुरोध किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पत्र के आलोक में उनके समायोजन हेतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है, जिस कारण उक्त कर्मचारीगण भुखमरी के कगार पर हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पत्र के आलोक में उन्हें कबतक अपने विभागों में समायोजन करने का विचार रखती है ?

भू-गर्भ जल संरक्षण योजना चयनित करना

*216. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2015-16 में राज्य में भू-गर्भ जल संरक्षण योजना को चालू करने का फैसला लिया था, परन्तु उक्त योजना के तहत जमुई जिलांतर्गत चकाई एवं सोनो प्रखंड का चयन नहीं किये जाने के फलस्वरूप वहाँ भू-गर्भ जल संरक्षण की दिशा में कोई कार्य नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों को भी भू-गर्भ जल संरक्षण योजना के लिये चयनित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

डैम का निर्माण

*217. श्री प्रकाशवीर--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत सिरदला प्रखंड में द्वारपाल डैम का निर्माण 20 वर्ष पूर्व सरकार द्वारा करने की घोषणा की गयी थी, किन्तु आजतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो उक्त डैम का निर्माण अभीतक प्रारंभ नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

करहा का जीर्णोद्धार

*218. श्री सिद्धार्थ सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज डिवीजन स्थित मनेर मेन लाइन रजवाहा (छोटी नहर) जो रानी तालाब लख से निकलती है, की उड़ाही विगत 5 वर्षों से नहीं होने से कृषकों को सिंचाई हेतु समुचित पानी नहीं मिलता है, फलतः प्रत्येक वर्ष हजारों एकड़ फसल नुकसान हो जाता है तथा साथ ही उक्त नहर से निकलने वाली छोटी-छोटी करहा भी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर की उड़ाही के साथ ही नहर से संबंधित करहों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का जीर्णोद्धार

*219. श्री अशोक कुमार सिंह (203)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत रामगढ़ प्रखंड के रामगढ़-बक्सर पथ में अकौठी गाँव के पास दुर्गावती नदी का पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*220. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बन्दरा प्रखंड मुख्यालय में किसान भवन, पंचायत सरकार भवन तथा अंचल रिकार्ड भवन का निर्माण कराया गया है, किन्तु निर्माण कार्य प्राक्कलन एवं मानक के अनुरूप नहीं किया गया है, जिससे निर्माणाधीन भवन क्षतिग्रस्त हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त तीनों भवन के निर्माण की गुणवत्ता की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*221. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू'' क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत बंगालखंड पंचायत के ग्राम हरपुर में संजय सोनी के घर के पास बाँध कैनाल नाला में पुल नहीं होने से आम जनता को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाँध कैनाल नाला में पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लूईस गेट का निर्माण

*222. श्री सत्यदेव सिंह क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखंडान्तर्गत ग्राम मिर्जापुर पंचायत परियारी के दक्षिण से एक नाला गुजरती है, जिसमें बरसात के दिनों में काफी पानी प्रवाहित होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला पर स्लूईस गेट का निर्माण नहीं होने से सैकड़ों एकड़ सिंचाई से वंचित हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*223. श्री राम विलाश पासवान क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड के ग्राम दुर्गौली के मैनी नाला में मानीपुर, संथाली टोला के मैनी नदी में एवं कहलगाँव प्रखण्ड के लगमा, वंशीपुर, कैरिया के नदी में छिटका पुल नहीं रहने से यहाँ के किसानों को आवागमन एवं सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में कबतक छिटका पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*224. डॉ० शमीम अहमद क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानों प्रखण्ड अन्तर्गत विष्णुपुरवा आर०ई०ओ० रोड से गाँव होते हुये विष्णुपुरवा मा०वि० तक कच्ची सड़क रहने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*225. श्री (मो०) आफाक आलम क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के मलहरिया पंचायत एवं घोड़दौर पंचायत के बीच आर०सी०सी० पुल का निर्माण 5 वर्ष पूर्व किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के दोनों तरफ एप्रोच सड़क का निर्माण अभीतक नहीं होने के कारण बड़ी गाड़ियों के आवागमन में कठिनाई होती है साथ ही पुल का रेन कटाव भी हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त पुल के दोनों तरफ एप्रोच सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पईन की सफाई

*226. श्री कुमार सर्वजीत क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखण्ड के ग्राम बारा टॉड से डिहुरी बहेरा ग्राम तक पईन की सफाई विगत 25 वर्षों से नहीं की गयी है, जिससे किसान सिंचाई के अभाव में खेती नहीं कर पा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पईन की सफाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*227. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसण्ड प्रखण्ड के बागमती बाँध के छपरा मारन बाँध से डुमरा चौक होते हुये बलुआ चौक तक का सड़क कच्ची रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निगम को हस्तान्तरित

*228. श्री नितिन नवीन क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर स्थित फ्लाई ओवरों पर विद्युत् का कनेक्शन पथ निर्माण विभाग को लेकर नगर निगम को फ्लाई ओवर हस्तान्तरित करना है तथा फ्लाई ओवर पर रोशनी की व्यवस्था पटना नगर निगम को करनी है;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग ने पटना के किसी फ्लाई ओवर का विद्युत् कनेक्शन नहीं प्राप्त किया है, जिस कारण पटना नगर निगम को उक्त फ्लाई ओवरों का हस्तान्तरण नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना के फ्लाई ओवरों के लिये विद्युत् कनेक्शन लेकर उसपर रोशनी तथा मेंटेनेंस के लिये पटना नगर निगम को हस्तान्तरित करने का विचार रखती है ?

फाटक का निर्माण

*229. श्रीमती भावना झा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखण्ड के ककूड़ा नदी में हथिरखा टोला के पास फाटक नहीं रहने के कारण बाढ़ के समय कृषकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी में हथिरखा टोला के निकट फाटक का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सिंचाई की व्यवस्था

*230. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड के ग्राम-दौलतपुर, बरैनी, महेशपुर, हरचनपुर, रौशनपुर, टिकलूगंज, सादीपुर, रिफातपुर आदि गाँवों में सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं रहने से यहाँ के किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, जबकि सरकार द्वारा कम लागत पर लिफ्ट ऐरिगेशन की सुविधा मुहैया कराये जाने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में लिफ्ट ऐरिगेशन के तहत सिंचाई की व्यवस्था कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य शुरू करना

*231. श्री अशोक कुमार सिंह (203)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत नुआँव प्रखण्ड के कारीराम ग्राम में कर्मनाशा नदी पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुल का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल में बिहार सरकार द्वारा सम्पर्क पथ का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल के सम्पर्क पथ का निर्माण कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*232. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के चाँदपुर (भटौलिया) भाया देसरी-गाजीपुर-महुआ पथ एवं कुशहर से जन्दाहा पथ का अधिग्रहण दिनांक 21 दिसम्बर, 2015 को पथ निर्माण विभाग द्वारा किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ् एन0एच0 103 एस0एच0 एवं अनुमंडल तथा जिला मुख्यालय को जोड़ती है किन्तु सड़क जर्जर होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई सुविधा देना

*233. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखण्ड के हथीयरवा टोला के समीप प्रवाहित रातो कोकरा नदी में फाटक नहीं रहने के कारण उस इलाके का हजारों एकड़ जमीन सिंचाई सुविधा से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी पर हथियरवा टोला के समीप फाटक बनाकर किसानों का सिंचाई सुलभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*234. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के अलीगंज प्रखंड अन्तर्गत रिसडी से मंगरोहर गाँव तक सड़क नहीं है, जिससे स्थानीय जनता को अलीगंज प्रखण्ड आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार रिसडी से मंगरोहर लगभग 10 कि0मी0 सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*235. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला सीवान के प्रखंड लकड़ी नवीगंज के बीच से जाने वाली एन0एच0 101 हर्दियाँ मोड़ के डुमरा होते हुये जिला मुख्यालय सीवान जाने वाली पथ में डुमरा से इमिलिया मोड़ तक 4 कि0मी0 सड़क जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का चौड़ीकरण

*236. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी शहर के मीना बाजार, ज्ञान चौक, जॉनपुल स्टेशन, चाँदमारी, बलुआ, छतौनी, मधुबन छावनी, छतौनी बस स्टैण्ड से मधुबनी ढाका एवं जानपुल से कोलतरवा कुमारी देवी, छौड़ादान पथ की चौड़ाई कम है एवं उसपर जल-जमाव भी होता है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण एवं नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना का आदेश देना

*237. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड में इंजोर आहर पईन सिंचाई योजना के जीर्णोद्धार के लिये कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, अरवल ने अपने पत्रांक 228, दिनांक 24 जुलाई, 2015 द्वारा प्राक्कलन अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, गया को भेजा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, गया ने अपने पत्रांक 1027, दिनांक 5 अगस्त, 2015 से उक्त योजना का प्राक्कलन मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को भेजा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना की स्वीकृति से संबंधित आदेश देना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*238. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के अलीगंज प्रखंड के कैलाश नदी पर मानपुर, बथान मुसहरी से दक्षिण बलाडीह पथ में पुल नहीं है, जिससे बरसात के दिनों में आम आदमी को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कैलाश नदी पर मानपुर, बथान मुसहरी से दक्षिण बलाडीह पथ से पहले पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आहर की मरम्मती

*239. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत डोभी प्रखंड के कुशा बीजा-कुशा में गुलवा आहर, नदरपुर, पोखरिया में पछियारी आहर, सेवईचक में आहर कुरमांवा एवं महकमपुर में गुहिया आहर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आहरों की मरम्मती ससमय नहीं होने से किसानों को सिंचाई में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आहरों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य प्रारंभ कराना

*240. डॉ० संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर के बेली रोड, आशियाना मोड़ से दक्षिण की ओर बी०एम०पी० रोड की तरफ जानेवाली नाला पर सड़क निर्माण हेतु दो बार प्राक्कलन तैयार हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि आशियाना मोड़ से दक्षिण की ओर बी०एम०पी० रोड की चौड़ाई कम होने के कारण लोगों को यातायात में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि दो बार प्राक्कलन बनने के बाद भी अभीतक प्रशासनिक स्वीकृति के अभाव में उक्त कार्य शुरू नहीं हो पाया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला पर सड़क निर्माण हेतु बने प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति देते हुये शीघ्र कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

वियर का निर्माण

*241. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवर्षा प्रखंड के दलकावा होकर अधवारा समूह की गोगा नदी गुजरती है जिसमें बारहों महीने पानी का बहाव रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत चार साल में वहाँ के किसान वर्षा न होने के कारण सुखाड़ से परेशान हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के सोनवर्षा प्रखंड के किसान की परेशानी हो देखते हुये दलकावा ग्राम से होकर गुजरने वाली गोगा नदी पर वियर का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*242. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कुर्था प्रखंडान्तर्गत पंचायत बारा ग्राम-मखदुमपुर-कुर्था-टिकारी मुख्य पथ से ग्राम-कुबड़ी तक 3 कि०मी० कच्ची सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*243. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर प्रखंड के दिग्धी पूर्वी पंचायत से प्रखंड कार्यालय के बगल में एन०एच० 77 से रेलवे जोनल कार्यालय होते हुये श्री रामबाबू सिंह के घर तक की सड़क विगत 10 वर्षों से जर्जर हैं, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का अधिग्रहण

*244. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के गुमटीपुल के पास से भाया बेलारी रोता से भाया कुमारखंड, मधुबनी चौक से अररिया सीमा तक 30 कि०मी० सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पथ निर्गाण विभाग में अधिग्रहित करते हुये जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अधिग्रहित करना

*245. श्री फैयाज अहमद––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी–सीतामढ़ी एवं मधुबनी–मुजफ्फरपुर मुख्य सड़क के बाधित होने पर एकमात्र वैकल्पिक ग्रामीण सड़क जो जीवछ चौक (मधुबनी) से ककरौल–सिमरी–नाहस–नरसाम–भेरवा–कोकलाचौर–विस्फी–बलहा–बैंगरा–कमतौल है, जो एस०एच० 75 को जोड़ती है, जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित कर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*246. श्री रतनेश सादा––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सोनवर्षा प्रखंड के लगमा पंचायत से शाहपुर जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क में बलतौरा घाट नदी पर पुल नहीं है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर दो स्पैन पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*247. श्री राणा रणधीर––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि तिरहुत प्रमण्डल मुख्यालय, मुजफ्फरपुर जाने हेतु पूर्वी चम्पारण जिला के तेतरिया एवं फेतहारा प्रखंड की आम जनता को बूढ़ी गंडक के इब्राहिमपुर घाट पर पुल नहीं रहने के कारण अधिक दूरी तय कर प्रमण्डल मुख्यालय जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार इब्राहिमपुर घाट पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का चौड़ीकरण

*248. श्री गुलाब यादव––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत झंझारपुर प्रखंड के एन०एच० 57 बिदेश्वर स्थान से एन०एच० 57 मोहना को जोड़ने वाली पुरानी सड़क पर न्यायालय, अनुमण्डल एवं मुख्य बाजार होने के कारण अकसर जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर बनवाना

*249. श्री अशोक कुमार सिंह (224)––क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत शेरघाटी प्रखंड के श्रीरामपुर एवं चापी पंचायत के किसानों को सिंचाई के लिये पर्याप्त साधन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बांके बाजार प्रखंड में अम्बाखार डैम है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्रीरामपुर एवं चापी पंचायत के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अम्बाखार डैम से श्रीरामपुर, वन्दोहरी नवादा, महवतापुर होते सफीचक तक नहर बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का जीर्णोद्धार

*250. श्री (मो०) तौसीफ आलम––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के जनता चौक सड़क से लोहागाड़ा हाट होते हुये कठामढ़ा से टप्पू पार्ट टू के 8.75 कि०मी० पर स्थित 4 गुणा 5 एम स्पेन आर०सी०सी० पुल का एक पाया पानी की तेज धार से एक माह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे पुल पर आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बोल्डर पीचिंग करना

*251. श्री अनिल सिंह––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत अकबरपुर प्रखंड के अंतर्गत खुरी नदी से गाजीपुर गाँव तथा हिसुआ प्रखंड के अंतर्गत धनाजे नदी से गोदर बिगहा गाँव के पास कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कटाव से सुरक्षा हेतु कबतक दोनों स्थलों पर साईडवाल और बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*252. श्री नन्द कुमार राय––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत परसा प्रखंड के परसौना बाजार से भाया परमानन्द प्रसाद के घर होते हुये परसादी बाँध तक सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*253. श्री रामबालक सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत विभूतिपुर प्रखंड के एस0 एच0 88 कल्याणपुर (महावीर चौक), बाबू पोखर महिसारी होते हुये एन0 एच0 28 शंकर चौक (प्रखंड उजियारपुर) की सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का पथ एक महत्वपूर्ण सड़क है, जिसके जर्जर होने से हजारों जनता के आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर चौड़ीकरण एवं निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*254. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद प्रखंड के एन0 एच0 98 से भाया बड़वा से फेसर को जोड़ने वाली पथ एवं जिला मुख्यालय को भाया सिन्हा कॉलेज तथा भदवा बाजार-रफीगंज मुख्यालय को जोड़ने वाली पथ पिछले 3 वर्षों से जर्जर है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त पथों के जीर्णोद्धार का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

एप्रोच पथ का निर्माण

*255. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत एन0 एच0 28 गंडक नदी पर निर्मित डुमरिया पुल की स्थिति जर्जर हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एन0 एच0 28 पर ही महम्मदपुर चौक तथा बढ़ेया मोड़ पर फ्लाई ओवर के नीचे की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाएँ हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार एवं महम्मदपुर तथा बढ़ेया फ्लाई ओवर के नीचे के एप्रोच रोड का मरम्मत करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*256. श्री विद्यासागर सिंह निषाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड के हरिशंकरपुर बघौनी मस्जिद से हॉस्पिटल चौक होते हुये जमुआरी नदी तक सड़क के किनारे नाला नहीं होने के कारण बारिश में सड़क एवं पूरे गाँव में जल-जमाव हो जाता है, जिससे लोगों को असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर ढंका हुआ नाला बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल प्रवाह योग्य बनाना

*257. श्री श्याम रजक--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 जून, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''दो दर्जन नदियों को अब तेरा इंतजार है मानसून'' के आलोक में क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला का धर्मावती, दुर्गावती, पटना जिला के दर्धा, गया जहानाबाद जिला के फल्गू, टेकारी के मोरहर, नालंदा जिला के पैमार, मोहाने, लोकई, धोवा नोनाई, चिरईया एवं गोइठा, नवादा जिला के सकरी, तिलैया, अरवल जिला में सहार पुल के पास सोन नदी में लखीसराय जिला के किऊल, कैमूर जिला के सुअरा, बहुआरा, कर्मनाशा, सीवान जिला के दाहा, दरभंगा जिला के तीसभँवरा नदियों में पहले वर्षभर जल प्रवाह रहता था, किन्तु अब ये नदियाँ गर्मी के मौसम में सूख जाया करती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वैज्ञानिकों की कमिटी द्वारा अध्ययन कराकर उक्त नदियों को वर्षभर जल प्रवाह योग्य बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानांतरित करना

*258. श्री विरेन्द्र कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत दाउदनगर से संसा होते हुये हसपुरा भाया देवकुण्ड जाने वाली सड़क ग्रामीण कार्य विभाग का है, जो अत्यंत जर्जर रहने के कारण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है और विभाग के द्वारा उस पथ का मरम्मती नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में स्थानांतरित करने का विचार रखती है ?

---

नलकूप चालू करना

*259. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी कुर्सेला एवं समेली प्रखंडान्तर्गत सुनिया, गुरमेला, द० मुरादपुर, पूर्वी मुरादपुर, जरलाही एवं समेली प्रखंड के प० चाँदपुर, छोहार, डुमर आदि पंचायतों में स्थापित सभी नलकूप विद्युत् दोष एवं यांत्रिक दोष आदि कारणों से बंद पड़े हैं, जिससे किसानों को पटवन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सभी नलकूपों को शीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*260. श्री प्रह्लाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के पिपरिया प्रखंड के पिपरिया गाँव एवं पिपरियाडीह के बीच ढावा (खाई) रहने के कारण एक जगह से दूसरे जगह जाने में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उस ढावे (खाई) के ऊपर कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चेक डैम का निर्माण

*261. श्री ललन पासवान क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नोहट्टा प्रखण्ड महादेव खोह नदी पर रेहल गाँव से दक्षिण आहर, यदुनाथपुर में चरपनियाँ पर, रोहतास प्रखण्ड के आमडीह चेरो टोला के पास एवं शिवनगर प्रखण्ड के हरदो नदी पर ग्राम आलमपुर के पास तथा पनसारी नदी में विनोद के जमीन के पास चेक डैम नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार नदी में उक्त स्थानों पर कबतक चेक डैम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नदी का जल स्तर बढ़ाना

*262. श्रीमती अमिता भूषण क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला से होकर गुजरने वाली बलान नदी का जल स्तर काफी नीचे चलाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के जल स्तर में कमी का मुख्य कारण भैंसालोटन डैम से संबद्ध स्लुईस गेट का वर्षों से बंद रहना है, जिससे नदी पर आश्रित मछुआरों के मत्स्य पालन एवं किसानों के खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बलान नदी के जल स्तर को बढ़ाने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*263. श्री सैयद अबु दोजाना क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखण्ड अन्तर्गत गंगटी पंचायत के गंगटी घाट के अधवारा नदी पर पुल निर्माण नहीं होने के कारण 20 हजार की आबादी वाले ग्रामीण को आने-जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*264. श्री सैयद अबु दोजाना क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखण्ड अन्तर्गत आदापुर एस०एच० 53 मेन रोड से चकासा तक सड़क जीर्ण शीर्ण रहने के कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

*265. डॉ० मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत असरगंज प्रखण्ड के ग्राम सादपुर एवं कोरियन में विद्युत् आपूर्ति एवं तकनीकी खराबी के चलते नलकूप बंद है, जिससे किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*266. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत टिकारी बेला पथ एवं टिकारी अनुमंडल के टिकारी केसमा शादीपुर पथ पिछले पाँच वर्षों से जर्जर है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का कबतक जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*267. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी प्रखण्ड अन्तर्गत गहरपुर-डुमरसन पुल से महमन्ना गाँव तक की दूरी लगभग 3 कि०मी० है;

(2) क्या यह बात सही है कि गहरपुर-डुमरसन पुल से महमन्ना गाँव तक जाने के लिये एक चौड़ी कच्ची सड़क जिसका पक्कीकरण भारत की आजादी से अबतक नहीं हुआ है, जिसके कारण महमन्ना, वाजितपुर, रामनगर, उसरी, कुसाफो, भोरीमठ, रूपन बिगहा, भरमपुर गाँव के हजारों लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गहरपुर-डुमरसन पुल से महमन्ना तक की कच्ची सड़क का पक्कीकरण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*268. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा विधान-सभा क्षेत्र के सरैया से नथमलपुर पथ, माँ मैतारिणी हाई स्कूल से इटाहना तक, विशुनपुर से सेमरा शिव नारायण राय के इनार तक पथ के पी०सी०सी० निर्माण कार्य प्राक्कलन एवं मानक के अनुरूप नहीं हुआ है जिससे निर्माण के दो माह बाद ही पी०सी०सी० टूट गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों की गुणवत्ता की जाँच कर दोषी पदाधिकारी एवं एजेंसी पर कार्रवाई करते हुये पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का जीर्णोद्धार

*269. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखण्ड के सरसी से बेलागोविंद जाने वाली पथ का मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत वर्ष 2009 में कार्य पूर्ण कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ वर्तमान स्थिति में जर्जर अवस्था में है और विभागीय लापरवाही से इसे श्रेणी-1 में शामिल नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को श्रेणी-1 में शामिल करते हुये जीर्णोद्धार कार्य कराने का विचार रखती है ?

------------

सुरक्षा घेरा का निर्माण

*270. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार जिला मुख्यालय से बारसोई अनुमण्डल मुख्यालय को जोड़ने वाली एस0एच0 98 एकल पथ है, जो 60 कि0मी0 लंबी है, किन्तु जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ बारसोई अनुमण्डल के तीन मुख्य बाजार सोनैली, सालमारी, बारसोई एवं बाजार होकर गुजरता है तथा साथ ही इसका छः कि0मी0 महानंदा नदी के एकदम किनारे से होकर गुजरता है, जहाँ नदी का किनारा 25-30 फिट गहरा है, किन्तु सड़क पर सुरक्षा घेरा नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को चौड़ीकरण एवं महानंदा नदी के किनारे सुरक्षा घेरा लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का पक्कीकरण

*271. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड से डेमा पचायत के एन0एच0 104 से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र होते हुये कोरियाई टोला से परसौनी रीगा पथ का 3 कि0मी0 सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क की मरम्मती

*272. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखण्ड के जी0टी0 रोड से रिउर एवं नवीनगर प्रखण्ड के माली चरण रोड का निर्माण 5 वर्ष पूर्व हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों की हालत जर्जर है, जिससे आवागमन में आम जनता को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

सड़क का अधिग्रहण

*273. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिहेश्वर प्रखंड के सिहेश्वर एन०एच०106 शर्मा चौक से लालपुर, मोजमा चौक, बसंतपुर परमानंदपुर होते हुये एस०एच० सड़क में मिलती है, जो विगत पाँच वर्षों से जर्जर है तथा आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बोरिंग को चालू कराना

*274. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड में उतरदाहा हेतमपुर, शिवपुर, चकवा, दावां हरदिया, बिमवा, हरिगाँव बरनांव कवरा, बभिनयांव, आयर पूर्वी एवं आयर पश्चिमी तथा पीरो प्रखंड के यार एवं तार पंचायत में सोन नहर का पानी नहीं आने के कारण किसान सिंचाई सुविधा से वंचित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि नहर के अंतिम छोर कटेया, नहर, ग्यानपुर नहर, हात पोखर नहर, बिहियाँ नहर पर लगा हुआ बोरिंग चालू नहीं रहने से किसानों को काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों के आहरों को गहरा करने एवं नहर के अंतिम छोर पर लगे बड़े बोरिंग को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण कराना

*275. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अंतर्गत बसंतपुर प्रखंड के सोडीपाकर मोड़ जो एन0एच0 101 से जुड़ा है, से सोहिलपट्टी बलथरा एवं प्रखंड मुख्यालय लकड़ी नवीगंज जाने वाली पथ में 5 कि0मी0 पथ जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सोडीपाकर मोड़ से लकड़ी नवीगंज़ प्रखण्ड मुख्यालय तक जाने वाली जर्जर सड़क को कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्लांट को चालू करना

*276. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अंतर्गत सेमरी प्रखंड के ग्राम केशवपुर पंचायत में सरफेश प्लांट वाटर का निर्माण कार्य वर्ष 2009 में प्रारंभ हुआ था, जो अबतक पूर्ण नहीं हुआ है, जिससे उक्त क्षेत्र की जनता को स्वच्छ पानी पीने के लिये नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्लांट को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*277. श्री नारायण प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत संतघाट से पखनाहा मुख्य पथ वर्ष 2014 से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जर्जर सड़क की मरम्मती हेतु कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, बेतिया ने दिसम्बर, 2015 में विभाग को पत्र भेजा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

---

पथ का कालीकरण

*278. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पू"—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत बड़हरा पंचायत के ग्राम–गोपालपुर परसौनी से चैनपट्टी गाँव होते हुये बड़हरा पंचायत भवन (दूरी 1.5 कि०मी०) तक की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*279. श्री जिवेश कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत सिंहबाड़ा प्रखंड में कटका पंचायत के कटका गाँव (पी०डब्लू०डी०) से निकलकर मोहनपुर होते हुये पैरा–दहसिल तक जानेवाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*280. श्री सरोज यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत महुली घाट के पास गंगा नदी में पुल नहीं होने के कारण खवासपुर गाँव के लगभग 50 हजार आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार महुली घाट एवं खवासपुर के बीच गंगा पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण करना

*281. श्री शकील अहमद खाँ—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत कदवा प्रखंड के कालीदासपुर ग्राम में एम०एस०डी०पी० योजना अंतर्गत मदरसा जामेउल कुरान, कालीदासपुर के भवन का निर्माण कार्य लगभग तीन वर्ष पूर्व शुरू किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मदरसा के भवन का कार्य 50 प्रतिशत करने के बाद संवेदक द्वारा विगत दो वर्षों पूर्व कार्य बंद कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मदरसा के भवन निर्माण का कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रखंड का दर्जा देना

*282. श्री सरफराज आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट विधान–सभा के जोकीहाट एवं मलासी प्रखंड मॉडल प्रखंड होने की सभी शर्तें पूरी करते हैं, परन्तु अभीतक जोकीहाट एवं पलासी प्रखंड को मॉडल प्रखंड का दर्जा नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों को मॉडल प्रखंड का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पद का समायोजन

*283. श्री रामबालक सिंह—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता, परिक्षेत्र बाढ़ नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, समस्तीपुर के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी जो लगभग बीस वर्षों से कार्यरत हैं, किन्तु उनका स्थायी पद पर स्थायीकरण नहीं होने से अल्प वेतन प्राप्त करते हैं, जिससे उन्हें परिवार के भरण–पोषण में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वैसे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी जिनका उम्र 50 वर्ष से ज्यादा है, उन्हें स्थायी पद पर समायोजन करने का विचार रखती है ?

---

सड़क का निर्माण

*284. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत नगर प्रखंड के कोभरा पंचायत के चिरैया रहैका के कोसी धार में आर०सी०सी० पुल का निर्माण 8 वर्ष पूर्व में किया गया था, लेकिन पुल के दोनों तरफ एप्रोच सड़क का निर्माण नहीं होने से बड़े वाहन एवं आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल के दोनों तरफ एप्रोच सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई सुविधा देना

*285. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखंड के वरनी, कथराई, चरपोखरी सहित लगभग 80 गाँव के किसान पानी के अभाव में सिंचाई से वंचित हैं जबकि मलौर गाँव के पास बरसाती पानी बहकर मलार नदी में मिल जाता है, यदि हाँ, तो सरकार मलौर आहर के गड़हानी रजवाहा के बीच सभी आहर को जोड़ते हुये पानी वरना पुल के नीचे गड़हनी रजवाहा में मिलाकर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*286. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंडान्तर्गत अहिमनपट्टी-कनकपुर और शीतलपुर स्टेशन के बीच माही नदी पर मुख्यमंत्री सेतु योजना से पुल निर्माण हेतु जिला स्तरीय संचालन समिति ने वर्ष 2011-12 में पत्रांक 53/यो0, दिनांक 5 सितम्बर, 2011 द्वारा क्रियान्वयन हेतु अनुशंसा विभाग को भेजा था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर पुल नहीं रहने के कारण अहिमनपट्टी, कनकपुर, पुरूषोत्तमपुर, विशुनपुर, टरवाँ, पगुराहा, इसमैला, चकरदहवा आदि ग्रामों के लोग विकास की मुख्य धारा से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर आर0 सी0 सी0 पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध ऊँचा करना

*287. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला से गुजरती बूढ़ी गंडक नदी का बायाँ तटबंध 107.00 कि0 मी0 से 134.00 कि0 मी0 के बीच अनेक स्थलों पर क्षतिग्रस्त है तथा इस तटबंध पर बनी 18.00 कि0 मी0 लम्बी सड़क जो आवागमन का एकमात्र रास्ता भी है, वह भी क्षतिग्रस्त हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बूढ़ी गंडक नदी के बायें तटबंध को उक्त स्थानों पर ऊँचा तथा सुदृढ़ कराने का विचार रखती है ?

---

सड़क का निर्माण

*288. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी प्रखंड के गंगौर पंचायत में गंगौर हाई स्कूल से रैमा उत्तखाड़ी टोल एवं दक्षिणवाड़ी टोल होते हुये सोनाई पंचायत स्थित हाई स्कूल तक की सड़क निर्माण नहीं होने के कारण हजारों लोगों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

दोषी पर कार्रवाई

*289. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत जगदीशपुर से भलजोर झारखंड सीमा तक पथ निर्माण का कार्य चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा उक्त निर्माण कार्य प्राक्कलन एवं मानक के अनुसार नहीं किया जा रहा है जिससे जगह-जगह से सड़क उखड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संवेदक द्वारा कराये जा रहे कार्य की गुणवत्ता की जाँच कराते हुये दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पईन की सफाई

*290. श्री मुन्द्रिका सिंह यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के जहानाबाद प्रखंड के भेवड़ पईन सिंचाई के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है, किन्तु उक्त पईन की सफाई नहीं होने से प्रखंड की हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पईन की सफाई कबतक कराने का विचार रखती है ?

सड़क का निर्माण

*291. श्री (मो0) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के ग्राम-मांझी से निकलकर सरयाँ नरेन्द्र होते हुये माधोपुर तक जानेवाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

पुल का निर्माण

*292. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत भगवानपुर प्रखंड के ब्रह्मस्थान पंचायत के हिलसड़ टोले जगदीशपुर में सोन्धानी पंचायत जाने के बीचोंबीच नाला होने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नाले पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आॅपरेटरों की नियुक्ति

*293. श्री फैसल रहमान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका विधान-सभा क्षेत्र के खराब पड़े हुये नलकूपों का जीर्णोद्धार कार्य हो रहा है, किन्तु नलकूप आॅपरेटरों की कमी के कारण नलकूप संचालित नहीं हो पा रहा है जिससे किसानों को पटवन की सुविधा नहीं मिल पा रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में नलकूप आॅपरेटरों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

साईफन का निर्माण

*294. श्री विनय वर्मा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अन्तर्गत नरकटियागंज विधान-सभा क्षेत्र के साठी वितरणी, भसुरारी बेलावा वितरणी एवं उप-वितरणी की सफाई नहीं होने एवं क्षतिग्रस्त साईफन का निर्माण नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वितरणी की सफाई एवं क्षतिग्रस्त साईफन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डेटम वॉल का निर्माण

*295. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-भूराखाप के पास पली बाँध पर डेटम वॉल का निर्माण नहीं होने के कारण 300 एकड़ भूमि पर सिंचाई नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो उक्त स्थल पर सरकार डेटम वॉल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बराज का निर्माण

*296. श्रीमती रंजु गीता --क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बाजपट्टी प्रखंड के पंचायत मधुबन बसहा पश्चिमी के ग्राम-बेगराहा से अधवारा नदी की धारा गुजरती है किन्तु उक्त धारा पर बराज का निर्माण नहीं होने से सीतामढ़ी, बाजपट्टी, बथनाहा एवं सूरसंड विधान-सभा के किसानों को सिंचाई सुविधा में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल के साथ बराज का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*297. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के ग्राम-परोड़िया में ठाकुरबाड़ी के नजदीक मृत बागमती नदी में पुल निर्माण नहीं होने के कारण आमजनों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

परिसर का नामकरण

*298. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार की नीति के अन्तर्गत गोपालगंज जिलान्तर्गत महम्मदपुर में प्रस्तावित सिधवलिया प्रखंड/अंचल कार्यालय के भवन निर्माण हेतु वर्ष 2006 में श्री शिलभद्र सिन्हा और डॉ0 शशि शेखर सिन्हा, पिता स्व0 डॉ0 रामएकबाल सिन्हा ने राज्य सरकार को अपनी 10 बिगहा जमीन प्रखंड/अंचल कार्यालय परिसर को ''रामएकबाल नगर'' के रूप में घोषित करने की शर्त के साथ दी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा भूमिदाता के पिता के नाम से अबतक उक्त परिसर का नामकरण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय परिसर का नामकरण शर्तों के अनुरूप ''स्व0 रामएकबाल नगर'' करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर की सफाई

*299. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के रघुनाथपुर प्रखंड में घाघरा नदी से निकलने वाली नहर मिट्टी से भरा है जिससे आस-पास के किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर की सफाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मरम्मती कराना

*300. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय की मुख्य सड़क जर्जर है तथा हल्की बारिश होने से जल-जमाव हो जाता है तथा आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ को ऊँचा कर मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवास का निर्माण

*301. श्रीमती भावना झा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी अनुमंडल में सरकारी कर्मचारियों हेतु आवास नहीं रहने के कारण अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों को मिलने वाले आवास भत्ता से दुगनी राशि खर्च कर कार्यालय आना पड़ता है, जबकि अनुमंडल परिसर में आवास हेतु भूमि भी उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सरकारी कर्मियों के लिये आवास निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नाला का निर्माण

*302. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बोखड़ा प्रखण्ड के पंचायत महिसौका लक्ष्मीनियाटोल खैड़का पथ की स्थिति जर्जर है, जो आवागमन के दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण सड़क है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण, ऊँचीकरण, पक्कीकरण, पुल-पुलिया के साथ पक्का नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का पुनर्निर्माण

*303. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत कोचस प्रखण्ड में अगरसी, डिहरा गाँव के पास धर्मावती नदी में 1957-58 में सिंचाई के लिये बाँध का निर्माण हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि यह बाँध क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे 8-10 गाँव के किसानों को सिंचाई में असुविधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त बाँध का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*304. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमाननगर प्रखण्ड अन्तर्गत रतनपुर को कल्याणपुर (समस्तीपुर) एवं गायघाट (मुजफ्फरपुर) से जोड़ने वाली सड़क के बीच बागमती नदी पर पुल नहीं है, जिससे आमजन को लम्बी दूरी तय कर नदी पार करना पड़ता है तथा हनुमाननगर (दरभंगा) कल्याणपुर (समस्तीपुर) एवं गायघाट (मुजफ्फरपुर) तीनों प्रखण्ड के बीच उन्हें आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*305. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखण्ड के कबला, खरौट, तिखा एवं हसना गाँव में आजादी के बाद से अभीतक कोई सड़क नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि पाँच वर्ष पूर्व सड़क निर्माण हेतु निविदा निकालकर कार्य प्रारम्भ किया गया, किन्तु पुनः बंद हो गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*306. श्री (मो०) नेमातुल्लाह क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली में चन्द्रशेखर भवन का निर्माण वर्ष 2013 से अधूरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार निधि उपलब्ध कराकर उक्त भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

---

कार्य पूर्ण करना

*307. श्री रामसेवक सिंह क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के फुलवरिया प्रखण्ड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत जीनबाबा बाजार से बिगहा दलित बस्ती तक एवं श्रीनगर से जठहाँ पथ का निर्माण वर्ष 2014 में प्रारम्भ हुआ किन्तु आजतक पुरा नहीं हुआ है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ के निर्माण में विलम्ब करने वाले संवेदक पर कार्रवाई करते हुये पथ का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*308. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अन्तर्गत बैरगाछी से कुर्साकाँटा पथ का निर्माण पिछले दो वर्षों से हो रहा है, जबकि उसे जनवरी, 2016 में ही पूरा करना था, किन्तु अभीतक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*309. डॉ० शमीम अहमद क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानों प्रखण्ड अन्तर्गत बेला आर०डब्लू०डी० रोड से बेला गाँव होते हुये खैरवा से जीतपुर रोड पर पथ निर्माण विभाग की कच्ची सड़क है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्पैन पुल का निर्माण

*310. श्री रत्नेश सादा– क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत बनमा इटहरी प्रखंड के धोबी टोला, परसबन्नी गाँव के मुख्य सड़क से पश्चिम जाने वाली सड़क के बीच नदी में कोई पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को जिला मुख्यालय आने जाने में कठिनाई होती है,यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर दो स्पैन पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जल धारा का परिवर्तन

*311. श्री निरंजन कुमार मेहता– क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मुरलीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत दीनापट्टी, सखुआ के तीनकोल गाँव एवं वृंदावन गाँव में सुरसर नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव को कटाव से बचाने के लिये उक्त स्थल पर स्पर (धारा परिवर्तन) का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*312. श्री प्रमोद कुमार– क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पुर्वी चम्पारण जिला के पीपराकोठी प्रखंड के एन०एच० 28 से मधु छपरा भाया रेलवे लाइन म०वि० होते मलाही टोला प्रधानमंत्री सड़क तक, प्रधानमंत्री सड़क पंडितपुर कविर पंथ मठ भाया महादलित बस्ती होते प्रधानमंत्री सड़क बेलवनिया सेमरा पथ एवं मोतिहारी प्रखंड के एन०एच० 28 बैरिया देवी स्थान से भाया परसतपुर, रूलही पी०डब्लू०डी० पथ लगभग तीन हजार से ज्यादा परिवारों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

आवंटन उपलब्ध कराना

*313. श्री दिनकर राम– क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखंड के मेजरगंज से गढ़बा, विशुनपुर जाने वाली सड़क में मनुषमारा नदी पर पुल के निर्माण की स्वीकृति 2011-12 में होने के बावजूद आजतक आवंटन के अभाव में पुल का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल निर्माण हेतु आवंटन कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*314. श्रीमती सावित्री देवी– क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई विधान-सभा क्षेत्र के राजपुर, डुमरी तथा गंदर, बरयारपुर में बरनार नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त स्थलों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

## पुल बनाना

*315. श्री (मो०) नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत मैगल चौक से दो गच्छी जाने वाली सड़क में मैगलधार पर बना पुल, दिघल बैंक प्रखंडान्तर्गत पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क पुराना बाजार तुलसिया से दहीभात जाने वाली सड़क में धार पर बना पुल तथा लोहागाड़ा से टप्पु जाने वाली सड़क में मंगरा के पास बना पुल गत दो वर्ष पूर्व आये भीषण बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुलों के स्थान पर नया पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सम्पर्क पथ का निर्माण

*316. श्री जिवेश कुमार--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 जून, 2016 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "पुल निर्माण का काम अधूरा" के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड अंतर्गत कमतौल-भरवाड़ा सड़क में सोतिया गाँव के पास खिरोई नदी पर पुल के निर्माण में सम्पर्क पथ एवं रेलिंग का निर्माण नहीं किया गया है जबकि खिरोई नदी का जल स्तर बढ़ने पर इस इलाके के कई गाँवों का सम्पर्क प्रखंड एवं जिला मुख्यालय से भंग हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का सम्पर्क पथ एवं रेलिंग बनाकर अविलम्ब चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़का का चौड़ीकरण

*317. श्री (मो०) नौशाद आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंड के कद्दु भीठा से डे मार्केट भाया पौआखाली क्षेत्र का अति व्यस्ततम सड़क, जिसकी चौड़ाई कम है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण वाहनों को साइड लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क की मरम्मती

*318. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत एन०एच० 57 से नलौर चौक, एन०एच० 57 बिदेश्वर स्थान से कोठिया पथ एवं एन०एच० 57 चनौरागंज से तमौरिया पथ जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों की मरम्मती कबतक, कराने का विचार रखती है ?

---

चेक डैम बनाना

*319. श्री राजीव नंदन—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखंड के पंचायत पहरा के ग्राम–मंझार के पास बरसती मोरहर नदी से नहर निकला है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नहर के मुहाने (मंझार साईड) के नीचे मोरहर नदी में छिलका, चेक डैम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———————

सड़क का जीर्णोद्धार

*320. श्री मुजाहिद आलम—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अंतर्गत कोचाधामन प्रखंड में डीबी 50 रहमतपाडा से कजलामनी–सोन्था–योपडाबखारी–विसनपुर–असुरा–जीवनपुर–शीतलनगर पथ को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित करने की अधिसूचना 2004 में जारी किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक पथ निर्माण विभाग द्वारा उक्त पथ पर कोई कार्य नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

———————

बोल्डर पीचिंग कराना

*321. डॉ० रामानुज प्रसाद—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत शिकारपुर बाजार के समीप मगरपाल, छरकी बाँध से पूरब शिकारपुर शिवमंदिर के पास तथा कल्याणपुर एवं बैजलपुर के पास गंडक नदी से भीषण कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर कटाव से बचाने हेतु अविलम्ब बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———————

सड़क का पक्कीकरण

*322. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड के बलतर, भवानीपुर, गोरखनाथ मंदिर तक 6 कि०मी० की सड़क कच्ची है जिससे आस–पास के 50 गाँवों के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को वित्तीय वर्ष 2016–17 में पक्की कराने का विचार रखती है ?

———————

जल धारा का परिवर्तन

*323. श्री निरंजन कुमार मेहता—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुर जिला के ग्वालपाड़ा प्रखंड के रेशना पंचायत के डफरा गाँव, अरार पूर्वी भित्ता टोला, सुखासन पंचायत के बभनगामा, बिंदटोली, झिठकिया, कलौतहा के वार्ड नं० 6, 7 का सुरसर नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव एवं वार्ड को कटाव से बचाने के लिये कटाव स्थल पर स्पर (धारा परिवर्तन) का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर की उड़ाही

*324. श्री सिद्धार्थ सिंह—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज डिवीजन स्थित पुरानी रजवाहा रेवा नहर की विगत 20 वर्षों से उड़ाही नहीं किये जाने से स्थानीय कृषकों को सिंचाई हेतु समुचित पानी नहीं मिलता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर का उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रमंडल का हस्तांतरण

*325. श्री दिनेश चन्द्र यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल, सहरसा को विभक्त कर दिनांक 1 अप्रील, 2012 को ग्रामीण कार्य प्रमंडल, सिमरी बख्तियारपुर की स्थापना की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के स्पष्ट निर्देश के बावजूद सिमरी बख्तियारपुर कार्य क्षेत्र में पड़ने वाले 55 पथों को कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, सहरसा द्वारा सिमरी बख्तियारपुर प्रमंडल को स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है, जिससे पथों के निर्माण एवं मरम्मती कार्य प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक ग्रामीण कार्य प्रमंडल, सिमरी बख्तियारपुर के कार्य क्षेत्र के 55 पथों को सहरसा प्रमंडल से सिमरी बख्तियारपुर प्रमंडल को हस्तानांतरित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*326. श्री अचमित ऋषिदेव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, फारबीसगंज अंतर्गत कमलपुर डाक बंगला से बसगाड़ा तक 10.5 कि०मी० श्रेणी वन सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनिधित्व प्रदान करना

*327. श्री सुदामा प्रसाद—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि श्रम संसाधन विभाग के "बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड" में नियोजक और नियोजितों को समान प्रतिनिधित्व देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन में नियोजकों की अपेक्षा नियोजितों के प्रतिनिधियों की संख्या कम रखी गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार में राष्ट्रीय मान्यताप्राप्त द्वितीय वरीयता के केन्द्रीय ट्रेड यूनियन 'एक्टू' से संबद्ध "बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन" जो निर्माण मजदूरों की सबसे बड़ी यूनियन है, उक्त कल्याण बोर्ड में उनके प्रतिनिधि के पुनर्गठन के बाद नहीं रखा गया है जबकि बोर्ड के निर्माणकाल से ही इनका प्रतिनिधित्व था ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मान्यताप्राप्त यूनियन "बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन" का प्रतिनिधित्व उक्त कल्याण बोर्ड में देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री—(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) उत्तर अस्वीकारात्मक है।

(3) बिहार भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवाशर्त विनियमन) नियमावली, 2005 के नियम 251 के तहत बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है, जिससे नियम 251 (iii) में उल्लेखित है कि "राज्य सरकार द्वारा मनोनित भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकतम पाँच व्यक्ति जिसमें एक सदस्य महिला होगी"। उक्त नियम के आलोक में ही प्रतिनिधियों का मनोनयन किया गया है।

(4) कंडिका (3) में उत्तर स्पष्ट कर दिया गया है।

सड़क का निर्माण

*328. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के रूपौली प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर गाँव से अंझरी पथ पी०एम०जी०एस०वाई० योजना से निर्माण किया जा रहा था, किन्तु संवेदक के आकस्मिक निधन के कारण कार्य अपूर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ का कार्य अपूर्ण रहने से आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क निर्माण का शेष कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*329. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेपारी प्रखंड के पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क स्टेट हाईवे चेचारी शिव सागर के चैनपुरा मोड़ से लोधी, चैनपुरा, तुर्की होते हुये सदोखर तक सड़क का निर्माण वित्तीय वर्ष 2010-11 में शुरू किया गया था तथा इसे वर्ष 2012-13 में बना लेना था, लेकिन 20 प्रतिशत कार्य कर संवेदक द्वारा कार्य बंद कर दिया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार संवेदक पर कार्रवाई करते हुये उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव से बचाना

*330. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड अंतर्गत पड़लाबारी पं० के मोहगढ़ गाँव का डोंक नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव को कटाव से बचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू करना

*331. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखंड के 41 राजकीय नलकूप तकनीकी खराबी के कारण बंद है, जिससे किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंद नलकूपों का कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का पुनर्निर्माण

*332. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के दरनियाँ नदी पर बना पुल 10 वर्षों से टूटा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल टूटने के कारण प्रत्येक वर्ष चचरी पुल का निर्माण किया

जाता है, किन्तु बारिश के मौसम में नदी में पानी का बहाव तेज होने से चचरी पुल बह जाता है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*333. डॉ० विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी, डोभी एवं आमस प्रखंड के क्रमशः शेरघाटी नीलाजन नहर से रामपुर होते ढाब तक, एन०एच० 99 बहेरा डाकबंगला से खरियात तक जी०टी० रोड से शमसेर खाप होते हुये कोमल खाप तक सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर रहने से बरसात एवं अन्य दिनों में लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

डैम्पवाल का निर्माण

*334. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड अंतर्गत ग्राम-छोटी नाकी के पास भैना नदी में डैम्पवाल का निर्माण नहीं होने के कारण हजारों एकड़ भूमि सिंचाई सुविधा से वंचित है, जिससे कृषकों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर डैम्पवाल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*335. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखंड के चानपुरा गाँव में 35 वर्ष पूर्व निर्मित रिंग बाँध है, जो उस क्षेत्र के लगभग 10 गाँवों के यातायात का मुख्य मार्ग है किन्तु बरसात के दिनों में बाँध कीचड़मय हो जाता है तथा बाँध के मिट्टी का कटाव भी तेजी से होता है जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बाँध पर आवश्यक मिट्टी भरकर उस पर पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*336. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत जिला एवं अनुमंडल मुख्यालय को जोड़ने वाली मनिहारी से अमदाबाद सड़क का निर्माण कार्य 2011 में आरंभ हुआ था, लेकिन अभीतक अपूर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में पुल नं० 1 और 2 के बीच इमाजुद्दीन के घर के पास, डलावीर किसनपुर, लालबथानी, बलरामपुर, चन्नी मोड़ एवं गोपालपुर के पास बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर आवागमन योग्य बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क की मरम्मती

*337. श्री शशिभूषण हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत प्रखंड बिरौल के ग्राम-सिसौनी स्टेट हाइवे से पड्डी ,शिवनगर सड़क जर्जर रहने के कारण आम लोगों को यातायात में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## सड़क का निर्माण

*338. श्री (मो0) नवाज आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत आरा शहर के धरहरा पुल के बगल से बिन्द टोली, रघु टोला होते हुये ज्ञानपुर तक की सड़क जर्जर है तथा बरसात के दिनों में सड़क पर पानी जम जाता है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## घर बनवाना

*339. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बैरिया प्रखण्ड के उत्तरी पटजिखा एवं दक्षिण पटजिखा पंचायत के 573 बाढ़ विस्थापित परिवारों के लिये वर्ष 2003 में इंदिरा आवास के घर बनवाने की योजना थी, जो अभीतक लंबित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विस्थापित परिवार आर्थिक तंगी के कारण खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाढ़ विस्थापित परिवारों को इंदिरा आवास के लाभान्वित कराते हुये घर बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## प्रखण्ड बनाना

*340. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आबादपुर थाना क्षेत्र में कहल बारह पंचायत है जिनको लेकर प्रखंड बनाने का प्रस्ताव सरकार में 25 वर्षों से लंबित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों को प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आबादपुर थाना क्षेत्र के 12 पंचायतों को लेकर प्रखण्ड बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

## गाईड वाल का निर्माण

*341. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत हिसुआ विधान-सभा क्षेत्र के बदलपुर-सकलपुरा आहर पइन, फूलो पइन (बकरीद धार) , बलिया डीही आहर पइन, अवनईया पइन, चिरैया, गोरियारा के पास पहाड़पुर पइन की खुदाई नहीं होने से एवं नदी के मुहाने पर गाईड वाल एवं साईड वाल के अभाव में 10 हजार एकड़ भूमि असिंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पइनों की खुदाई और नदी के मुहाने पर गाईड वाल और साईड वाल कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*342. श्री शशिभूषण हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत प्रखंड बिरौल के ग्राम-पोखराम से लदहो, अफजला विद्यालय होते हुये वलहा घाट तक की ग्रामीण कार्य की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषी पर कार्रवाई

*343. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार प्रखण्ड स्थित राजकीयकृत उच्च विद्यालय, हफलागंज का भवन निर्माण 26 लाख रुपये की लागत से वर्ष 2011-12 में कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण एवं संवेदक की मिलीभगत से भवन निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार एवं गुणवत्तापूर्ण नहीं हुआ है जिसके कारण भवन प्रमण्डल द्वारा विद्यालय को भवन का अबतक हस्तांतरण नहीं किया जा सका है, फलत: +2 के पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन निर्माण कार्य की जाँच कराकर दोषी कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक पर कार्रवाई करते हुये विद्यालय भवन का गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला का निर्माण

*344. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत पुरानी एन0एच0 57 पथ में टाली गुमटी मुरीया से तारसराय तक एवं सकरी-बहेड़ा पथ में सकरी बाजार और दहौड़ा मस्जिद के पास सड़क में नाला नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थानों पर सड़क के दोनों तरफ घनी आबादी है और नाला नहीं रहने के कारण लोगों के घरों में जल-जमाव हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़को में नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का पुनर्निर्माण

*345. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत फुलवरिया प्रखंड में कैनाल एच0बी0सी0 के 40 आर0डी0 पर बुरामनयक भटवलिया में स्थित पुल पाँच वर्षों से क्षतिग्रस्त है, जिससे दोनों ओर के सैकड़ों गाँवों की जनता का आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुल का पुनर्निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटना :
दिनांक 3 अगस्त, 2016 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0(एल0ए0), 24-डी0टी0पी0-500